शहीद बेलमती चौहान

राजकीय महाविद्यालय पोखरी

(क्वीली) टिहरी गढ़वाल

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

अल्फान्यूमेरिक कोडः **UK-08-039**

# रा0से0यो0 इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविरों (नियमित शिविर) के दौरान की गयी गतिविधियों की झलकियां

## सत्रः 2022–23

–:प्रस्तुतकर्ता:–

डॉ. राम भरोसे
कार्यक्रम  अधिकारी
रा.से.यो. इकाई, राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

# 31 मई, 2022 विश्व तम्बाकू दिवस

उत्तराखंड शासन आदेशानुसार आदरणीय प्राचार्या महोदया प्रोफ़ेसर शशि बाला वर्मा के संरक्षण में आज राजकीय महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ इकाई के तत्वावधान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस-2022 मनाया गया. कुछ झलकियाँ-













1986-2022 37
हरिद्वार
वर्ष 08, अंक 196
बुधवार 01 जून 2022
पृष्ठ12 ₹ 3.50
राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र
स्वतंत्र चेतना
उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित
www.swatantrachetnanews.com
गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली, हरिद्वार, वाराणसी, आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित



हार्दिक बन सकते हैं टीम इंडिया के कप्तान

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैलियां निकालकर किया गोष्ठियों का आयोजन

**महाविद्यालय पोखरी, खाडी, इंटर कालेज नरेन्द्रनगर व ब्रह्माकुमारी ने आयोजित किए शानदार कार्यक्रम**

नरेंद्रनगर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों तथा संस्थाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से हानि पर गोष्ठियों के आयोजनों से पूर्व बाजार व क्षेत्र में तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जन–जन को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैलियां निकाली गयी।

महाविद्यालय क्वीली पोखरी में प्राचार्या शशि बाला वर्मा के निर्देश पर एन॰एस॰एस॰ इकाई के तत्वावधान में छात्र–छात्राओं ने हाथ में तम्बाकू निषेध स्लोगनों लिखित तख्तियां लेकर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली।

राजकीय इंटर कॉलेज नरेंद्र नगर के छात्र–छात्राओं तथा यहां स्थित ब्रह्माकुमारी संस्था के संयुक्त प्रयास से बाजार के मुख्य मार्गो पर रैली निकाली गई।

रैली में नगर पालिका नरेंद्रनगर के अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, ब्रम्हाकुमारी से बहन प्रियंका, मनीषा, मंत्री प्रसाद अंथवाल, पू॰पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा व गणमान्य व्यक्तियों सहित कालेज के छात्र–छात्राएं हाथों में तम्बाकू सेवन से दूर रहने सम्बन्धित स्लोगनों लिखित तख्तियां हाथों में लिए थे।

रैली के दौरान छात्र–छात्राएं तंबाकू निषेध से संबंधित नारे लगा रहे थे।

महाविद्यालय पोखरी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशे के द्वारा होने वाले नुकसान से बचने व जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भाषण, स्लोगन व पोस्टर सहित 3 अलग–अलग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।


तथा छात्र–छात्रों को इस अवसर पर नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और यदि देश का भविष्य ही नशे में डूबा रहेगा तो देश व क्षेत्र कैसे तरक्की कर सकेगा।

नरेंद्रनगर में रैली के बाद विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अंथवाल लॉज में इंटर कॉलेज तथा ब्रह्मा कुमारी शाखा द्वारा एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय महर तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र गुसाईं ने किया।

इस मौके पर उत्तराखंड प्रदेश के पूर्व शिक्षक नेता वाचस्पति रयाल, डा॰रविन्द्र अंथवाल, मंत्री प्रसाद अंथवाल, प्रियंका बहन, डा॰संजय महर, फील्ड मार्शल के नाम से जाने जाने वाले शिक्षक सूर्य प्रकाश जोशी, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, डॉ हिमांशु जोशी आदि ने अपने सम्बोधन में तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य हानि के बारे में बताते हुए छात्र–छात्राओं से कहा कि वे देश के भविष्य हैं।शरीर स्वस्थ होगा तो वे खुद की हिफाजत करते हुए देश व अपनों की अच्छी सेवा कर सकेंगे।चूँकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है।

# 04 जून, 2022  'विश्व पर्यावरण दिवस'

राजकीय महाविद्यालय पोखरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2022 धूमधाम से मनाया गया. विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष 2022 की थीम – 'ओनली वन अर्थ' है. इसकी थीम को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ इकाई द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया.







## महाविद्यालय पोखरी में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

वाचस्पति रयाल -समीक्षा न्यूज़

नरेन्द्रनगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय पोखरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा के निर्देशन व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे के संचालन में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण, साफ-सफाई तथा पोस्टर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा लक्ष्य गीत गायन के साथ हुआ।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाये जाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घटते वनों की वजह से जल स्रोत पतले पड़ गए हैं, जंगल आग के हवाले होते जा रहे हैं, जिससे जंगल में रहने वाले लाखों वन्य प्राणी आग के हवाले होते जा रहे हैं।

कहा कि बिना पेड़ पौधों के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। लिहाजा वनों को बचाने का अभिनव प्रयास युद्ध स्तर पर किए जाने की आवश्यकता है।




एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डा0 राम भरोसे ने विश्व पर्यावरण के प्रमुख कारकों में जल, जंगल व जमीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सविस्तार समझाया।

इस मौके पर कालेज परिसर में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर सरिता, डॉ मुकेश सेमवाल, डॉ वंदना, डॉक्टर सुमित, रचना राणा, नरेंद्र बिजल्वाण, रेखा, अंकित, अमिता, नरेश, दीवान सिंह, सुनीता व मूर्ति लाल आदि थे।



# 21, जून 2022, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज़ादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है. इसी के अंतर्गत आज शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की एन०एस०एस० इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के सुअवसर पर भव्य "क्वीली गढ़ योग महोत्सव-2022" कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस भव्य योग महोत्सव का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा के संरक्षण और सानिध्य में एन०एस०एस० अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा किया गया.






















कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवकों द्वारा NSS की ओर से मुख्य अतिथि योगाचार्य श्री अंकित भट्ट जी को स्मृति चिह्न भेंट करे हुए









मुख्य अतिथि योगाचार्य श्री अंकित भट्ट जी द्वारा महाविद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवकों को योगाभ्यास के पश्चात् 'योगाभ्यास एवं हमारी दिनचर्या' विषय पर विस्तृत एवं सारगर्भित व्याख्यान प्रदान करते हुए

# 15 जुलाई, 2022  ‘लोक-पर्व हरेला दिवस’

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम व वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया.







वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के अतिरिक्त महाविद्यालय कर्मचारियों एवं एन०एस०एस० स्वयंसेवियों ने भी महाविद्यालय प्रांगण में पेड़-पौधें लगाएँ. जिनमे देवदार, कनेर, बाँज, गुडहल, सिल्वर ओक, बुरांश इत्यादि के शामिल थे.









# पोखरी महाविद्यालय (क्वीली) में हरेला पर्व पर स्वच्छता कार्यक्रम के साथ किया वृक्षारोपण

By केदार सिंह चौहान 'प्रवर' - July 15, 2022

2

Like 9




Listen to this article

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि बाला वर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम व वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया।

**सरहद का साक्षी, नरेंद्र बिजल्वाण@पोखरी**

महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय परिवार एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाएँ और भविष्य में इन पौधों के संरक्षण एवं देखभाल की ज़िम्मेदारी भी ली. इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राम भरोसे ने महाविद्यालय परिवार स्वयंसेवियों से अपील की वे अपने जीवन में भले ही एक पेड़ लगाएँ, परंतु जब तक वह पेड़ संभल नहीं जाता, उसकी देखभाल और रक्षा करें। अपने आस पास के पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए अपने स्तर से हर प्रयास करें. आगे उन्होंने कहा कि यह हरेला त्योहार हमें प्रकृति से जोड़ता है और उससे प्रेम करने की सीख देता है।

डॉ. सरिता देवी ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रमों में सभी को प्रतिभाग करना चाहिए। अपने कार्यक्रम स्थल के अतिरिक्त अपने घर के आसपास भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रयुक्त नन्ने पौधो को वन विभाग की नर्सरी से डॉ. मुकेश सेमवाल और डॉ. विवेकानंद भट्ट ने वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु पौधों की व्यवस्था बनाई एवं श्री नरेश रावत और श्री दीवान सिह के सहयोग से महाविद्यालय तक पहुचे है। एन.एस.एस. विभाग के ओर से कार्यक्रम अधिकारी ने उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया. वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण एवं आस-पास में देवदार, कनेर, बाँज, गुडहल, सिल्वर ओक, बुरांस पेड़-पौधें लगाए गए।

Ad by CRITEO
Report this ad
Ad choices

कार्यक्रम में डॉ. बंदना सेमवाल, डॉ. सुमिता पंवार, श्रीमती रेखा नेगी, कु.अमिता, श्री नरेंद्र बिजल्वाण, श्रीमती सुनीता, श्री मूर्ति लाल, श्री राजेंद्र व एन.एस.एस. स्वयंसेवी अक्षा, काजल, प्रियंका, अंजलि, आकाश आदि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं समलित हुये।










# 09 अगस्त, 2022 'हर-घर तिरंगा अभियान'

भारत सरकार एवं उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसर आज़ादी के 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया गया.



कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम भरोसे द्वारा पावर प्वाइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से भारतीय ध्वज के इतिहास और वर्तमान पर विस्तार से प्रकाश डाला

## देश की आजादी के इतिहास का गौरव है तिरंगा : डा0 वर्मा



**टिहरी।** भारत सरकार एवं उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसर आज़ादी के 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शशि बाला वर्मा ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय ध्वज के विषय में बताते हुए कहा कि देश का यह तिरंगा आजादी के इतिहास की गौरवगाथा का प्रतीक है।उन्होंने तिरंगे के तीनों रंगों व बीच में बने चक्र के बारे में छात्र-छात्राओं को समझाते हुए कहा कि- केसरिया बल भरने वाला,सादा है सच्चाई ;हरा रंग है हरी हमारी धरती की अंगड़ाई; ये 24 सों अरे चक्र के,हमसे यूं कहते हैं,सावधान 24सों घंटे हम में बल भरते हैं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम भरोसे ने हर घर तिरंगा अभियान के विषय में उसके प्रयोजन पर अपने विचार प्रस्तुत किये और पावर प्रेज़ेंटेशन से प्रोजेक्टर के माध्यम से तिरंगे के इतिहास और वर्तमान के परिपेक्ष्य में प्रकाश डाला। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ ली गयी।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शशि बाला वर्मा द्वारा स्वयंसेवियों की तिरंगा अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राम भरोसे की अगुवाई में निकाली गयी यह रैली महाविद्यालय से होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी व पोखरी बाज़ार के मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक घर के सदस्यों को हर घर तिरंगा रैली के अंतर्गत 13से14 अगस्त को हर घर में तिरंगा फहराए जाने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक रचना राणा, रेखा नेगी, अंकित कुमार, कु 0 अमिता, नरेन्द्र बिजल्वाण,नरेश सिंह रावत, दीवान सिंह, सुनीता, मूर्ति लाल एवं राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

10:20
◂ WhatsApp

**NSSRD Lucknow**
22 h ·

NSS Unit of SBC Govt. College, Tehri Garhwal #Uttarakhand organised #HarGharTiranga Awareness Campaign #AzadiKaAmritMahotsav Anurag Thakur Nisith Pramanik Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India NSS India








राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

# स्वतंत्र चेतना

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

1986-2022 37 वर्ष स्वर्ण जयंती की ओर अग्रसर

हरिद्वार, वर्ष 08 अंक 265
बुधवार 10 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 ₹3.50/-
डाक पंजीयन संख्या UA/DO/DDN/56/2019-2021
www.swatantrachetnanews.com

गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली, हरिद्वार, वाराणसी, आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित




जेम पोर्टल से मिलेगा सहकारी समितियों को रफ्तार

# देश की आजादी के इतिहास का गौरव है तिरंगा : डा. शशि बाला




स्वतंत्र चेतना

नरेन्द्रनगर। भारत सरकार एवं उत्तराखंड शासन के निदेर्शानुसर आजादी के 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया जा रहा है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय ध्वज के विषय में बताते हुए कहा कि देश का यह तिरंगा आजादी के इतिहास की गौरवगाथा का प्रतीक है।उन्होंने तिरंगे के तीनों रंगों व बीच में बने चक्र के बारे में छात्र–छात्राओं को समझाते हुए कहा कि केसरिया बल भरने वाला,सादा है सच्चाई हरा रंग है हरी हमारी धरती की अंगड़ाई ये 24 सों अरे चक्र के,हमसे यूं कहते हैं,सावधान 24सों घंटे हम में बल भरते हैं । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने हर घर तिरंगा अभियान के विषय में उसके प्रयोजन पर अपने विचार प्रस्तुत किये और पावर प्रेजेंटेशन से प्रोजेक्टर के माध्यम से तिरंगे के इतिहास और वर्तमान के परिपेक्ष्य में प्रकाश डाला। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने क्रम से अपनी–अपनी बात राष्ट्रीय ध्वज के विषय में स्वयंसेवियों सहित समस्त छात्र–छात्राओं के सम्मुख रखी। कार्यक्रम में डॉ सरिता देवीडॉ सुमिता पंवार डॉ बंदना सेमवाल डॉ विवेकानंद भट्ट व डॉ मुकेश सेमवाल ने भी अपने विचार रखे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ ली गयी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे की अगुवाई में निकाली गयी यह रैली महाविद्यालय से होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी व पोखरी बाजार के मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक घर के सदस्यों को हर घर तिरंगा रैली के अंतर्गत 13से14 अगस्त को हर घर में तिरंगा फहराए जाने हेतु जागरूक किया गया।

# देश की आजादी के इतिहास का गौरव है तिरंगा–डा० शशि बाला वर्मा

**नरेन्द्रनगर।** भारत सरकार एवं उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसर आजादी के 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय ध्वज के विषय में बताते हुए कहा कि देश का यह तिरंगा आजादी के इतिहास की गौरवगाथा का प्रतीक है। उन्होंने तिरंगे के तीनों रंगों व बीच में बने चक्र के बारे में छात्र–छात्राओं को समझाते हुए कहा कि– केसरिया बल भरने वाला,सादा है सच्चाई यहरा रंग है हरी हमारी धरती की अंगड़ाईय ये 24 सों अरे चक्र के,हमसे यूं कहते हैं,सावधान 24सों घंटे हम में बल भरते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने हर घर तिरंगा अभियान के विषय में उसके प्रयोजन पर अपने विचार प्रस्तुत किये और पावर प्रेजेंटेशन से प्रोजेक्टर के माध्यम से तिरंगे के इतिहास और वर्तमान के परिपेक्ष्य में प्रकाश डाला। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों



ने क्रम से अपनी–अपनी बात राष्ट्रीय ध्वज के विषय में स्वयंसेवियों सहित समस्त छात्र–छात्राओं के सम्मुख रखी। कार्यक्रम में डॉ० सरिता देवी, डॉ० सुमिता पंवार, डॉ० बंदना सेमवाल, डॉ० विवेकानंद भट्ट व डॉ० मुकेश सेमवाल ने भी अपने विचार रखे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाए रखने हेतु शपथ ली गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा स्वयंसेवियों की तिरंगा अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे की अगुवाई में निकाली गयी यह रैली महाविद्यालय से होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी व पोखरी बाजार के मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक घर के सदस्यों को हर घर तिरंगा रैली के अंतर्गत 13से14 अगस्त को हर घर में तिरंगा फहराए जाने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक श्रीमती रचना राणा, श्रीमती रेखा नेगी, अंकित कुमार, कु ० अमिता, नरेन्द्र बिजल्वाण, नरेश सिंह रावत, दीवान सिंह, श्रीमती सुनीता, मूर्ति लाल एवं राजेंद्र आदि उपस्थित थे।













भारत सरकार एवं उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसर आज़ादी के 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के सुअवसर पर राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया गया.

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने बताया कि महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान उत्साह से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय में तिरंगा संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा ने स्वयंसेवियों को अपने राष्ट्रीय ध्वज के विषय में बताते हुए उसके इतिहास और वर्तमान पर विस्तार से प्रकाश डाला. उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने हर घर तिरंगा अभियान के विषय में उसके प्रयोजन पर अपने विचार प्रस्तुत कियें. और पावर प्रेज़ेंटेशन से प्रोजेक्टर के माध्यम से तिरंगे के इतिहास और वर्तमान पर प्रकाश डाला. जिसको सभी कर्मचारियों और स्वयंसेवियों ने तल्लीनता से देखा और सुना.

इसके बाद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने क्रम से अपनी अपनी बात राष्ट्रीय ध्वज के विषय में स्वयंसेवियों के सम्मुख रखी. जिनमे अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० सरिता देवी, भूगोल विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० सुमिता पंवार, अंग्रेज़ी विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० बंदना सेमवाल, संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० विवेकानंद भट्ट व राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० मुकेश सेमवाल ने अपने व्यक्तव्यों से स्वयंसेवी लाभान्वित हुए. इसके बाद हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत सभी कर्मचारियों एवं स्वयंसेवियों ने तिरंगा फहराने और उसकी गरिमा बनाएँ रखने हेतु शपथ ली. तत्पश्चात् प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा स्वयंसेवियों की तिरंगा अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे की अगुवाई में  रैली निकाली गयी. महाविद्यालय के कर्मचारियों और स्वयंसेवियों द्वारा हर घर तिरंगा रैली महाविद्यालय से होती हुई राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी और इसके बाद पोखरी बाज़ार तक के मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक घर के सदस्यों को हर घर तिरंगा रैली के अंतर्गत 13-14 अगस्त को हर घर में तिरंगा फहराए जाने हेतु जागरूक करेंगे और साथ ही पोखरी बाज़ार में भी यह जागरूकता अभियान चलाया गया.

# <u>**15** अगस्त, 2022 स्वतंत्रता दिवस</u>

**राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल परिसर में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्या डॉ. शशिबाला वर्मा ने ध्वजा रोहण करने के बाद देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया।और कहा कि देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को से सीख लेते हुए हम सभी को राष्ट्र की तरक्की के लिए काम करना चाहिए।**

















उत्तराखण्ड ब्रेकिंग

स्वतंत्रता दिवस पर महाविद्यालय पोखरी में कार्यक्रम आयोजित

251 total views

आजादी का अमृत महोत्सव (स्वर्णिम 75) सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

कार्यालय-नगर निगम, ऋषिकेश

12 अगस्त 2022

प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण के नुकसान को कम करने की दिशा में हर एक इन्सान कुछ बेहद जरूरी कदम उठा सकता है सर्तकता और जागरूकता दो बेहद जरूरी चीजें हैं जिनको प्लास्टिक इस्तेमाल के खिलाफ अपनाया जा सकता है।

"मानवता को बचाना है सिंगल यूज प्लास्टिक को मिटाना है"

श्री राहुल कुमार गोयल, नगर आयुक्त, नगर निगम ऋषिकेश

श्रीमती अनिता ममगाई, महापौर, नगर निगम, ऋषिकेश।

वाचस्पति रयाल@ नरेन्द्रनगर। पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित महाविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

प्राचार्या डॉ0 शशिबाला वर्मा ने ध्वजा रोहण करने के बाद देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बलिदान को स्मरण किया।और कहा कि देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को से सीख लेते हुए हम सभी को राष्ट्र की तरक्की के लिए काम करना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व जेष्ठ प्रमुख ईश्वरी प्रसाद बिजल्वाण, प्रधान किरण बिजल्वाण, सरिता सैनी, डॉ राम भरोसे, डॉ0 मुकेश सेमवाल, डॉ0 वंदना सेमवाल, डॉ0 सुमिता पंवार, श्रीमती रचना राणा, श्रीमती रेखा नेगी, अमिता, अंकित, नरेंद्र बिजल्वाण, नरेश, सुनीता, दीवान सिंह, मूर्ति, राजेन्द्र प्रसाद एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन डॉ0 विवेकानन्द भट्ट द्वारा किया गया।

Share this:

Like this:

Related

# 24 सितम्बर, 2022  राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

आज शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का **54**वां  स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया. जिसके अंतर्गत समस्त स्वयंसेवियों हेतु एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने बताया कि आज इस सुअवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया. कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत से हुआ. इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गत वर्षों में किए गए कार्यों की झलकियाँ प्रस्तुत की. इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया. इसके बाद प्राचार्य महोदया और सिंगल यूज प्लास्टिक समिति के संयोजक डॉ० सरिता देवी द्वारा स्वयंसेवियों को प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाली हानि से विषय में विस्तार से बताया.  और डॉ० राम भरोसे ने इसके बाद नशा मुक्ति की जागरूकता के बारे में सभी को जागरूक किया. इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास और उसकी वर्तमान में प्रासंगिकता पर विस्तृत व्याख्यान महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को दिया.  इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ० सरिता देवी, डॉ० सुमिता, डॉ० बंदना सेमवाल, डॉ० मुकेश सेमवाल, श्री अंकित, कु० अमिता, श्री नरेश, श्री नरेंद्र, श्री दीवान सिंह, श्रीमती सुनीता, श्री मूर्तिलाल, श्री राजेंद्र प्रसाद और काजल, अक्षा, अंजलि, प्रियंका, मनीषा, मोनिका, नीना, शिवानी, रितिका, निकिता, मंजू, आदि स्वयंसेवी उपस्थित रहें.









सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

Home › टिहरी


टिहरी

## राष्ट्रीय सेवा योजना का 54वां स्थापना दिवस महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) में धूमधाम से मनाया

By: केदार सिंह चौहान 'प्रवर' - September 24, 2022  56

लाईक २

Reader Available



सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

▶ Listen to this article

राष्ट्रीय सेवा योजना का 54वां स्थापना दिवस शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में बहुत धूमधाम से मनाया गया. जिसके अंतर्गत समस्त स्वयंसेवियों हेतु एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने बताया कि आज इस सुअवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया.

**सरहद का साक्षी, नरेन्द्र बिजल्वान, पोखरी**

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत से हुआ. इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गत वर्षों में किए गए कार्यों की झलकियाँ प्रस्तुत की. इस दौरान महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया.

कार्यक्रम सभागार में स्वयंसेवियों को प्राचार्य डॉ0 शशिबाला वर्मा ने एनएसएस डे का इतिहास व महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्रओं को दी।

### एनएसएस की वर्तमान स्थिति

High Breaking Strength
Get Highest Quality Men's Tailoring Threads From Ameto Advanced For Premium Garment Look
Ameto Advance
Learn More

sarhadkasakshi.com



सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

### एनएसएस की वर्तमान स्थिति

एनएसएस के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इस समय करीब 39,695 एनएसएस इकाइयों में 36.5 लाख से अधिक स्वयंसेवी हैं, जो देश के 391 विश्वविद्यालयों, 2 परिषदों, 16,278 कॉलेजों व तकनीकी संस्थानों और 12,483 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में फैला हुआ हैं।

एनएसएस का कार्य क्षेत्रमुख्य गतिविधियों वाले क्षेत्रों में शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, महिलाओं की स्थिति में सुधार, आपदा राहत तथा, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, इत्यादि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा के बारे में स्वयम सेवियो को अवगत कराया।


लक्ष्य गीत प्रस्तुत
करते हुए स्वयं सेवी













# 02 अक्टूबर, 2022 अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस

अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय पोखरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनायी गयी. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया. इसके पश्चात् महाविद्यालय सभागार में प्राचार्या द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरों का अनावरण किया तथा दीप प्रज्वलन किया. इसके बाद महाविद्यालय के समस्त परिवार और बच्चों ने दोनों महान विभूतियों के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद सभी ने रामधुन गाया जिससे पूरे सभागार का माहौल भक्तिमय हो गया. उसके बाद महाविद्यालय परिसर में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया.

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा दिनांक 01.10.2022 को आयोजित पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषणा की गयी. जो इस प्रकार रहा-

**पोस्टर प्रतियोगिता**

**प्रथम-** काजल बीए प्रथम सेमेस्टर

**द्वितीय-** मनीषा बीए प्रथम सेमेस्टर

**तृतीय-** अंजली बीए तृतीय वर्ष

**निबंध प्रतियोगिता**

**प्रथम-** काजल बीए प्रथम सेमेस्टर

**द्वितीय-** मनीषा

**तृतीय-** निकिता और रीतिका

प्राचार्या डॉ0 शशिबाला वर्मा ने विजयी छात्र-छात्रों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार भेंट कियें.

इस अवसर महाविद्यालय परिवार से डॉ० सरिता देवी, डॉ० विवेकानंद भट्ट, डॉ० मुकेश सेमवाल और नरेंद्र बिजल्वाण ने अपने अपने विचार बच्चों के साथ साझे किए. अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा ने समस्त बच्चों को गांधी और शास्त्री जयंती पर अपने उद्बोधन में कहा कि हमे उनकी दी हुई शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए. और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को प्रशस्त करना चाहिए. इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और प्राध्यापक-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया.

कार्यक्रम में नरेंद्र बिजल्वाण,नरेश रावत,दीवान सिंह, श्रीमती सुनीता, राजेंद्र प्रसाद और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों काजल, अंजलि, प्रियंका, मंजू, निकिता, मोनिका, दीपिका,, रितिका, निकिता, आदि भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहें.







**राष्ट्रीय पर्व 2 अक्टूबर, 2022 के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार ध्वजारोहण करते हुए**



**महाविद्यालय के समस्त परिवार एवं स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया**





महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री की मूर्तियों का अनावरण करते हुए

कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे एवं महाविद्यालय के अन्य साथी महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री की मूर्तियों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए



महाविद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवियों द्वारा 'रामधुन' का पाठ करते हुए








महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रस्तुत पोस्टर्स का अवलोकन करते हुए

प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं कार्यक्रम अधिकारी

पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी







# पोखरी महाविद्यालय में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

## निबंध व पोस्टर में काजल ने प्रथम व मनीषा ने दूसरा स्थान किया हासिल

**सरल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**नरेन्द्रनगर।** पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर छात्र–छात्राओं के ज्ञान वर्धन के लिए प्रतियोगितात्मक निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र का अनावरण करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया। दोनों विषयों पर प्रतियोगिता से पूर्व सामान्य ज्ञान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्टी में छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा ने कहा कि आज के दूरसंचार युग में सोशल मीडिया, रेडियो, टेलीविजन,समाचार पत्र पोर्टल आदि की भरमार है।

उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए डेली न्यूज पेपर



पढ़ना,उच्च स्तरीय किताबों को पढ़ने में समय देना, इंटरनेट पर अच्छा लेख पढ़ना, समाचार पत्रों में संपादकीय लेखों को पढ़कर विचार करना ,करंट अफेयर्स एप की खबरें पढ़ना बौद्धिक ज्ञान बढ़ाने के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के संयोजक एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे ने कहा कि सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता आज के दौर में बड़े महत्वपूर्ण और उपयोगी पहलू हैं। कहा कि किताबें ज्ञान का सबसे अच्छा स्रोत हैं। अच्छी किताबें पढ़ें, अच्छी सोच व बौद्धिक क्षमता के साथियों के साथ खास पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करें, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की पुस्तकों का अध्ययन करें। इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी काजल ने पहला स्थान हासिल किया,जबकि उक्त दोनों ही प्रतियोगिताओं में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी मनीषा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को कॉलेज की प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा तथा कार्यक्रम के संयोजक व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर महाविद्यालय के डॉ० सरिता देवी, डॉ० विवेकानंद भट्ट, डॉ० मुकेश सेमवाल और नरेंद्र बिजल्वाण ने अपने–अपने विचारों से छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और प्राध्यापक–कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में नरेंद्र बिजल्वाण, नरेश रावत, दीवान सिंह, सुनीता, राजेंद्र प्रसाद और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों में काजल, अंजलि, प्रियंका, मंजू, निकिता, मोनिका, दीपिका,, रितिका, निकिता आदि थे।

# निबंध व पोस्टर में काजल प्रथम और मनीषा रही दूसरे स्थान पर

नरेंद्रनगर, 9 अक्तूबर (स.ह.) : राजकीय महाविद्यालय पोखरी में स्नातक स्तर पर छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए प्रतियोगितात्मक निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा काजल ने दोनों प्रतियोगिता में बाजी मारी।

राजकीय महाविद्यालय पोखरी में प्रतियोगिता का प्राचार्य डा. शशिबाला वर्मा और एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. राम भरोसे ने शुभारंभ किया। प्रतियोगिता से पूर्व सामान्य ज्ञान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. वर्मा ने कहा कि दूरसंचार युग में सोशल मीडिया, रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्र, पोर्टल की भरमार है। कहा कि सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रत्येक दिन अखबार, उच्च स्तरीय पत्रिका और किताबों को पढ़ना जरूरी है। साथ ही इंटरनेट पर अच्छा लेख, समाचार पत्रों में संपादकीय लेखों को पढ़कर विचार करना, करेंट अफेयर्स ऐप भी सामान्य ज्ञान बढ़ाने में सहायक है। इस मौके पर आयोजित पोस्टर



*नरेंद्रनगर के पोखरी महाविद्यालय में गोष्ठी में मंचासीन शिक्षक-शिक्षिकाएं।*

प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता काजल प्रथम और मनीषा दूसरे स्थान पर रही। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. सरिता देवी, डा. विवेकानंद भट्ट, डा. मुकेश सेमवाल, नरेंद्र बिजल्वाण, नरेश रावत, दीवान सिंह, सुनीता, राजेंद्र प्रसाद, काजल, अंजलि, प्रियंका, मंजू, निकिता, मोनिका, दीपिका, रितिका, निकिता मौजूद थे।

# प्रिंट मीडिया की नजर से

# 13 अक्टूबर, 2022  राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम-अक्टूबर 2022 एवं फिट इंडिया

आज शहीद बेलमती राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दो भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के आदेशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम-अक्टूबर 2022 के तहत महाविद्यालय के 19 वर्ष तक के सभी स्वयंसेवियों को एल्बेंडाजाल टैबलेट खिलायी गयी. बाल विकास विभाग टिहरी गढ़वाल से आयीं आँगनवाडी कार्यकत्रियों श्रीमती सुनीता बिजल्वाण एवम् श्रीमती पूर्णिमा देवी द्वारा द्वारा इन टैबलेट की व्यवस्था की गई तथा श्रीमती सुनीता द्वारा स्वयंसेवियों को कृमि मुक्ति दिवस की महत्व के बारे में विचार साझा किए. इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा साथ ही प्राचार्या द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया.

राष्ट्रीय खेल मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार  2 से 31 अक्टूबर 2022 पूरे भारत में फिट इंडिया के अंतर्गत फ्री रनिंग का आयोजन किया गया. जिसमे स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया. इस सामूहिक दौड़ का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी के शारीरिक शिक्षक श्री दाताराम भट्ट द्वारा कराया गया. उनके सहयोग से ही आज फिट इंडिया के अंतर्गत इस सामूहिक दौड़ का आयोजन बहुत व्यवस्थित रूप से किया गया. इस दौड़ में प्रथम स्थान कु० काजल (बीए प्रथम सेमेस्टर) दूसरा स्थान कु अंजलि  (बीए प्रथम सेमेस्टर) तथा तीसरा स्थान कु० अनिशा ने प्राप्त किया. एनएसएस अधिकारी ने बताया कि एनएसएस इकाई के अन्तर्गत भविष्य में होने वाले कार्यक्रम में इन विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की और फिट इंडिया कार्यक्रम के विषय में बच्चों को अपने दैनिक जीवन में कैसे फिट रहें इस पर  फ़िटनेस का डोज, आधा घंटा रोज के मूल मंत्र के बारे में विस्तार से बताया.




















सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

HOME | देश/दुनिया | उत्तराखंड | FEATURED

# शहीद बेलमती राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन









गढ़निनाद
जन जन की आवाज

देश-दुनिया | शासन-प्रशासन | आपदा | शिक्षा जगत | हॉलीवुड/बॉलीवुड | साइंस & टेक्नोलॉजी | हेल्थ & फिटनेस

Home > 2022 > October > महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

14 October 2022 | उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत

टिहरी गढ़वाल 14 अक्टूबर 2022। आज शहीद बेलमती राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दो भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसमे प्राचार्या डॉ0 शशिबाला वर्मा द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड के आदेशानुसार *राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम- अक्टूबर 2022* के तहत महाविद्यालय के 19 वर्ष तक के सभी स्वयंसेवियों को एल्बेंडाजाल टैबलेट खिलायी गयी। बाल विकास विभाग टिहरी गढ़वाल से आयीं आँगनवाडी कार्यकत्रियों श्रीमती सुनीता बिजल्वाण एवम् श्रीमती पूर्णिमा देवी द्वारा द्वारा इन टैबलेट की व्यवस्था की गई तथा श्रीमती सुनीता द्वारा स्वयंसेवियों को कृमि मुक्ति दिवस की महत्व के बारे में विचार साझा किए। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा साथ ही प्राचार्या द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय खेल मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार 2 से 31 अक्टूबर 2022 पूरे भारत में *फिट इंडिया* के अंतर्गत फ्री रनिंग का आयोजन किया गया. जिसमे स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया। इस सामूहिक दौड़ का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी के शारीरिक शिक्षक श्री दाताराम भट्ट द्वारा कराया गया. उनके सहयोग से ही आज फिट इंडिया के अंतर्गत इस सामूहिक दौड़ का आयोजन बहुत व्यवस्थित रूप से किया गया. इस दौड़ में प्रथम स्थान कु० काजल (बीए प्रथम सेमेस्टर) दूसरा स्थान कु अंजलि (बीए प्रथम सेमेस्टर) तथा तीसरा स्थान कु० अनिशा ने प्राप्त किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने बताया कि एनएसएस इकाई के अन्तर्गत भविष्य में होने वाले कार्यक्रम में इन विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की और फिट इंडिया कार्यक्रम के विषय में बच्चों को अपने दैनिक जीवन में कैसे फिट रहें इस पर *फ़िटनेस का डोज, आधा घंटा रोज* के मूल मंत्र के बारे में विस्तार से बताया।

आज के दोनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे हुए जिसके लिये सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में डॉ० सरिता देवी, डॉ० सुमिता, डॉ० बंदना सेमवाल, डॉ० मुकेश सेमवाल, श्रीमती रचना राणा, श्रीमती रेखा नेगी, कु० अमिता, नरेंद्र बिजल्वाण, नरेश, दीवान सिंह, श्रीमती सुनीता,मूर्तिलाल, राजेंद्र प्रसाद और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों काजल, अंजलि चौहान, अंजलि प्याल, दीपिका, मोनिका, नीना, शिवानी, रितिका, अनिशा, आदि भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहें।

Please click to share News

संबंधित खबर

1. अगस्त्यमुनि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित
2. शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय नैखरी चंद्रबदनी में भव्य कार्यक्रम आयोजित
3. राजकीय महाविद्यालय अगरोड़ा मे धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस
4. महाविद्यालय पोखरी के छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली
5. राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन
6. महाविद्यालय खाड़ी में हिमालय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित
7. श्रीदेव सुमन के 78वें बलिदान दिवस पर राजकीय महाविद्यालय पोखरी क्वीली में कार्यक्रम आयोजित
8. महाविद्यालय में एस.डी.जी. सप्ताह के तहत आयोजित किए कार्यक्रम

Recent Posts

महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृ
आयोजित

पंडित ललित मोहन शर्म
शैक्षणिक एवं प्रशासनिक

सांसद ने दिशा की बैठक

कुलपति डा0 ध्यानी एवं
ऋषिकेश के परीक्षा केन्द्र

आज का राशिफल

## रा०से०यो० इकाई द्वारा 'फिट इंडिया के अंतर्गत सामूहिक दौड़ का आयोजन




'फिट इंडिया' के अंतर्गत सामूहिक दौड़ का आयोजन (14-10-2022)
राष्ट्रीय सेवा योजना
N.S.S.
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
"स्वयं से पहले आप" "Not Me But You"
SHAHEED BELMATI CHAUHAN GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
NATIONAL SERVICE SCHEME
FIT INDIA
2nd - 31st October


रा०इ० कॉलेज पोखरी के शारीरिक शिक्षक श्री दाता राम भट्ट 'फिट इंडिया' के अंतर्गत सामूहिक दौड़ में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवियों को दिशा निर्देश देते हुए----
SHAHEED BELMATI CHAUHAN GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
NATIONAL SERVICE SCHEME
FIT INDIA
2nd - 31st October
राष्ट्रीय सेवा योजना
N.S.S.
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
"स्वयं से पहले आप" "Not Me But You"
GPS Map Camera
Tehri Garhwal,UT,India
Gaja, Tehri Garhwal, 249146, UT, India
Lat 30.253343, Long 78.474464
10/14/2022 11:50 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


मैदान में एकत्रित स्वयंसेवी
राष्ट्रीय सेवा योजना
N.S.S.
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
"स्वयं से पहले आप" "Not Me But You"
SHAHEED BELMATI CHAUHAN GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
NATIONAL SERVICE SCHEME
FIT INDIA
2nd - 31st October


'फिट इंडिया' के अंतर्गत सामूहिक दौड़ में
रा०से०यो० के स्वयंसेवियों द्वारा प्रतिभाग
(14-10-2022)
SHAHEED BELMATI CHAUHAN
GOVERNMENT DEGREE COLLEGE
NATIONAL SERVICE SCHEME
FIT
INDIA











## 20 अक्टूबर, 2022 'स्वच्छता कार्यक्रम'

# राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर, 2022

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के आदेशानुसार दिनांक **01** से **31** अक्टूबर**, 2022** के मध्य 'स्वच्छ भारत अभियान **2.0**' चलाया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज एनएसएस के स्वयंसेवियों सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने महाविद्यालय में 'एकता दिवस' मनाया गया. और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार एवं बच्चों को राष्ट्र एकता के शपथ दिलाई गयी.












# राज्य स्थापना दिवस 09 नवंबर, 2022

आज राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 09 नवम्बर, 2022 को उत्तराखंड का 23वां 'राज्य स्थापना दिवस' दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 09.11.2022 प्रातः 10 बजे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फकोट, टिहरी गढ़वाल' के सहयोग से महाविद्यालय सभागार में 'एक दिवसीय सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर' का भव्य आयोजन किया गया. जिसका प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा किया गया. इससे पूर्व डॉ० विवेकानंद भट्ट ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी.

आज के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के सफल आयोजन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फकोट, टिहरी गढ़वाल से आएँ डॉ० विश्व जीत सिंह (RBSK), डॉ० प्रियंका (RBSK) उषा राणा, प्रेमा बिष्ट (ANM), श्री शक्ति प्रसाद भट्ट (फॉर्मासिस्ट), श्रीचंद एवम् आशा कार्यकत्री अनुराधा, राजन रावत, ने अपना महती योगदान प्रदान किया, जिसके लिए महाविद्यालय पूरे चिकित्सक दल का आभार व्यक्त करता है.

इस स्वास्थ्य शिविर में महाविद्यालय के सभी छात्रों के ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन चेक किया गया और साथ ही शिविर में उपस्थित हुए चिकित्सकों द्वारा सभी बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य का चेकअप (बीपी, आँखें इत्यादि) भी किया गया. और छात्र/छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य सम्बंधित प्रश्न भी उनसे पूछे. चिकित्सकों द्वारा बच्चों को सम्बंधित प्रश्नों का निराकरण भी किया गया. साथ ही महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को विटामिंस व कैल्शियम की टैबलेट भी वितरित की गई.

साथ ही इसके बाद श्री दीपक रावत (RKSK काउंसलर) द्वारा महाविद्यालय के समस्त बच्चों को नशे से मुक्ति के विषय में भी जागरूक किया. उन्होंने नशे की रोकथाम के बारे में स्वयंसेवियों को विस्तार से अवगत कराया. नशा मुक्ति से सम्बंधित इस आयोजन पर पूरा महाविद्यालय लाभान्वित हुआ. दीपक रावत जी ने बहुत सुंदर और प्रभावशाली ढंग से पूरे महाविद्यालय को नशा मुक्ति के बारे में जानकारियाँ प्रदान की.

प्राचार्य ने इस शिविर के आयोजन हेतु एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि समस्त छात्रों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर रहा. क्योंकि यदि हम बाहर की पैथलॉजी लैब में ये सामान्य चेकअप करवायते हैं तो उसका पर्याप्त मूल्य चुकाना होता है, जबकि इस कैम्प में बच्चों को यह सुविधा निशुल्क दी गई. प्राचार्या महोदया द्वारा फकोट से आयी स्वास्थ्य विभाग के दल का भी विशेष आभार व्यक्त किया, उन्होंने हमारे महाविद्यालय के बच्चों के लिए अपने व्यस्त समय से समय निकालकर इस शिविर का आयोजन किया. तथा उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आज सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का जो आयोजन किया गया, इसका उद्देश्य अपने देश की युवाओं को स्वस्थ रखना है और उन्हें इस शिविर में उनके ब्लड ग्रुप से अवगत कराया गया. जिससे भविष्य में यदि कभी उन्हें स्वयं या किसी अपने के हितार्थ रक्त देना पड़े तो ब्लड परीक्षण में समय बर्बाद किए बिना तत्काल लाभ उठा सकें. साथ ही नशा बचाव सम्बन्धी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई जिससे नशे के शिकार न होकर युवा अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें, न कि नशे में डूब जाएँ. इसके साथ ही मेडिकल टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं और स्टाफ के साथ अन्य बाहर से आयें ग्रामीणों का भी कोविड टीकाकरण किया गया.

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों, एनएसएस अधिकारी डॉ० राम भरोसे और महाविद्यालय परिवार द्वारा आज के शिविर में आएँ समस्त चिकित्सक दल को एनएसएस से संबंधित स्मृति चिह्न भी भेंट किया. साथ ही राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया.

प्रथम-सुष्मिता कैंतुरा, द्वितीय- मनीषा, तृतीय- निकिता (तीनों छात्राएँ बीए प्रथम सेमेस्टर से हैं)

इससे पूर्व दिनांक 04.10.22 को हुई फिट इंडिया के तहत सामूहिक दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

प्रथम- काजल, द्वितीय- अंजलि, तृतीय- मोनिका (तीनों छात्राएँ बीए प्रथम सेमेस्टर से हैं)

इस शिविर के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त परिवार का योगदान सराहनीय रहा.

आज इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती रेणु द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से सम्बंधित जानकारी प्रदान की. उन्होंने अपने मत के महत्व के विषय में विस्तार से सभी बच्चों को बताया. साथ ही उन्होंने यदि किसी बच्चे का नया पहचान पत्र बनना है या कोई सुधार होना है उसके विषय में भी बच्चों को जानकारियां प्रदान की. और उन्होंने लोकतंत्र के बारे में भी बच्चों को जानकारी प्रदान की. साथ ही उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखंड के शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया.

आज राज्य स्थापना दिवस के इस अवसर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अलग अलग पांच कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया. अंत में कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डॉ० सरिता देवी द्वारा समस्त अतिथियों का आभार ज्ञापन किया गया.

महाविद्यालय के शिक्षक साथी डॉ० सरिता देवी, डॉ० विवेकानंद भट्ट, डॉ० सुमिता पंवार, डॉ० बंदना सेमवाल, डॉ० मुकेश सेमवाल ग़ैर-शिक्षक साथी श्रीमती रचनाराणा, श्रीमती रेखा नेगी, कु० अमिता, श्री अंकित, श्री दीवान, श्री नरेश, श्री नरेंद्र, श्री दीवान, श्रीमतीसुनीता, श्री मूर्ति लाल, श्री राजेंद्र और स्वयंसेवी अंजलि, अक्षा, प्रियंका, काजल, मनीषा, अंजलि,नरेंद्र, मनीष, मोनिका, निकिता, सुमन, सिमरन, प्राची, निकिता आदि ने भी अपने पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया.

--कुछ झलकियाँ—




महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा और डॉ० सरिता देवी द्वारा अतिथिओं का स्वागत करते हुए




मंचासीन अतिथिगण




स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा पहले छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया उसके बाद आवश्यकतानुसार उन्हें दवाइयां भी वितरित की गयी.



महाविद्यालय के कर्मचारी
बूस्टर डोज़ लेते हुए-



# जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर, 2022

